04 नगर में हिंदू राष्ट्रीय एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाब



07 पिरामिड की शक्तियों के बारे में गुजरात से आए दल ने जानकारी दी...





## समाचार संक्षेप

### निराश्रित मानसिक महिला प्रभुजी को मिला सहारा

**गुना।** समाजसेवी प्रमोद भार्गव की पहल से आश्रम में भर्ती पिछले लगभग दस दिनों से गुना शहर के बजरंगढ़ रोड क्षेत्र में रह रही एक अज्ञात मानसिक रूप से अस्वस्थ एवं निराश्रित महिला को समाजसेवी प्रमोद भार्गव की संवेदनशील पहल से सुरक्षित आश्रय मिल गया है।सूचना मिलने पर प्रमोद भार्गव ने महिला की स्थिति का संज्ञान लिया और उसका पता-परिवार जानने का प्रयास किया, लेकिन महिला अपना नाम व पता बताने में असमर्थ रही। इसके बाद आज सुबह विधिवत सूचना गुना कोतवाली में दी गई तथा महिला को अपना घर आश्रम, शिवपुरी में भर्ती कराया गया।आश्रम में महिला का समुचित इलाज, देखभाल एवं पुनर्वास किया जाएगा। साथ ही, आश्रम प्रशासन एवं समाजसेवी प्रमोद भार्गव द्वारा महिला के परिजनों का पता लगाने के प्रयास भी किए जाएंगे।प्रमोद भार्गव ने आमजन से अपील की है कि यदि कोई इस महिला को पहचानता हो या उसके परिवार के बारे में जानकारी रखता हो, तो अपना घर आश्रम, शिवपुरी से संपर्क कर सहयोग करें।गौरतलब है कि समाजसेवी प्रमोद भार्गव लंबे समय से निराश्रित, बीमार एवं असहाय लोगों के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं।




### भाजपा मंडल आरोन के तत्वावधान में शिव अभिषेक, "ॐ नमः शिवाय" से गूंजा हनुमान मंदिर परिसर

**आरोन।** भारतीय जनता पार्टी मंडल आरोन के तत्वाधान में शनिवार को सिरोंज रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर के भोलेनाथ मंदिर में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भगवान शिव का अभिषेक किया गया। इस अवसर पर "ॐ नमः शिवाय" धुन के सामूहिक जाप के साथ विधिवत आरती संपन्न हुई, जिसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र सिंह रघुवंशी हल्के नेताजी, सुरजीत सिंह धाकड़ अध्यक्ष, भाजपा मंडल आरोन, बृजेंद्र सिंह राजपूत पार्षद, बृजेश रघुवंशी सरपंच, डॉ. कैलाश रघुवंशी मंडल उपाध्यक्ष, डॉ. राजीव राजावत मंडल उपाध्यक्ष, तुलाराम सिलावट जिला मंत्री, एससी बाला प्रजापति मंडल मंत्री, लखन जाटव मंडल मंत्री, छगनलाल तिवारी सांसद प्रतिनिधि, रविंद्र सिंह धाकड़ मंडल महामंत्री, श्रवण जैन मंडल उपाध्यक्ष, बाला प्रजापति मंडल मंत्री, चंद्रेश मीणा, नवल सिंह धाकड़, छतर सिंह धाकड़, पीतम अहिरवार, मनोज मीणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सभी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, एवं जनकल्याण की कामना की।



### एनएसयूआई छात्र संगठन राघौगढ़ के द्वारा एक पेड़ राष्ट्र के नाम व एक पेड़ भविष्य का पौधारोपण किया गया

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ डिग्री कॉलेज परिसर में एनएसयूआई छात्र संगठन राघौगढ़ के द्वारा एक पेड़ राष्ट्र के नाम एवं एक पेड़ भविष्य के वृक्षारोपण किया गया। म. प्र पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देश अनुसार एवं एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और जिला अध्यक्ष फलेषुराज सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में किया गया । कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जो सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लेता हैं कॉलेज छात्र अध्यक्ष प्रशांत मेर ने बताया कि वृक्ष लगाओ देश बचाओ को लेकर एनएसयूआई ने वृक्षारोपण अभियान चलाया हैं कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों को अपने घर के आस पास या बगीचे में पेड़ लगाने की सलाह भी दी । कॉलेज परिसर में अनेकों छात्र छात्राओं के द्वारा वृक्ष लगाए गए । कॉलेज के छात्रों ने पेड़ लगाने के साथ साथ उनकी नियमित देखभाल का भी जिम्मा उठाया है इस कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माया परस्ते जी के साथ समस्त कॉलेज स्टाफ ने भी वृक्ष लगाने में अहम सहयोग किया । जिसमें कॉलेज अध्यक्ष प्रशांत मेर, मोंटी कोरी, विशाल प्रजापति, माखन वघेल, सोहिल सेन, योगेश, नितेश, देवेंद्र, मोहनपाल, सेतु, पूर्व छात्र दीपू गुर्जर एवं कॉलेज के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### चाचौड़ा में कृषि रथ का शुभारंभ, किसानों को दी जा रही विभागीय योजनाओं की जानकारी

**चाचौड़ा।** चाचौड़ा कृषि विभाग कार्यालय से रविवार को कृषि रथ का शुभारंभ किया गया। यह शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रवि मालवीय के निर्देशन में संपन्न हुआ।कृषि रथ को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीना एवं सीताराम गुर्जर, कृषि स्थायी समिति के सभापति हल्कूराम सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर कृषि विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें रामदास सिलावट चाचौड़ा, अरविंद तवर, पवन , कार्तिक, पप्पू मंडलोई, कमलेश मालकर, बीमा प्रतिनिधि योगेश एवं सोनू कोहली शामिल रहे।कृषि रथ को चाचौड़ा कृषि विभाग कार्यालय से रवाना कर ग्राम पंचायत आमसेर, ग्राम पंचायत कुंडल्या एवं ग्राम पंचायत मुरेला भेजा गया, जहाँ विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं, बीमा, उन्नत कृषि तकनीक एवं विभागीय सुविधाओं की जानकारी दी गई।

# प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास है जो अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं:पवैया

### गुना गौरव सम्मान 2026 हेतु प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

वीरांगना रानी दुर्गावती फाउंडेशन द्वारा प्रस्तावित अभ्युदय – गुना गौरव सम्मान 2026 कार्यक्रम को लेकर पत्रकार भवन, में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा, लक्ष्य और समाज से जुड़े इसके महत्व को साझा करना रहा।प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि यह आयोजन उन प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास है जो अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं, लेकिन अब तक समाज के व्यापक मंच तक नहीं पहुँच पाईं। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सम्मान करना नहीं, बल्कि समाज को यह याद दिलाना भी है कि ऐसी प्रतिभाओं के निर्माण और प्रोत्साहन में समाज की भी अहम भूमिका होती है, ताकि भविष्य में और बेहतर प्रतिभाएँ आगे आ सकें।इस अवसर पर प्रशांत पवैया




(संस्थापक, वीरांगना रानी दुर्गावती फाउंडेशन), आयुष शर्मा , आशु शर्मा एवं शिवानी रघुवंशी उपस्थित रहे।श्री पवैया ने कार्यक्रम के वैचारिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फाउंडेशन समाज, युवाओं और सकारात्मक कार्यों के बीच एक मजबूत सेतु बनकर कार्य करना चाहता है तथा ऐसे प्रयासों को आगे बढ़ाना ही इस आयोजन का मूल उद्देश्य है।प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यक्रम की तिथि, स्वरूप और नॉमिनेशन प्रक्रिया की जानकारी भी साझा की गई।अभ्युदय गुना गौरव सम्मान 2026 का आयोजन किया जा रहा है।कार्यक्रम के अंतर्गत नवाचार, शिक्षा, खेल, कला, सामाजिक सेवा आदि क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।। कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी एवं नॉमिनेशन प्रक्रिया के संबंध में विवरण प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दुर्गावती फाउंडेशन के प्रशांत पवैया ने बताया कि इस कार्यक्रम में उन व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने अपने कार्य और उपलब्धियों से गुना जिले का नाम विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही, जिले के शहीद पुलिस एवं सेना के जवानों के परिवारों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## डेढ़ साल में तीसरी वारदात, दो दिन में दूसरे मंदिर को बनाया निशाना

# भुजरिया तालाब मंदिर में चोरी, नकदी-चांदी और महंत की अंगूठी ले भागे बदमाश

### पुलिस की लापरवाही से संत समाज आक्रोशित, खुलासे की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब मंदिर भी सुरक्षित नहीं रहे। घर-दुकानों के बाद अब बदमाश भगवान के घर को निशाना बना रहे हैं। बीजी रोड क्षेत्र में दो दिन के भीतर मंदिर में चोरी की दूसरी बड़ी घटना सामने आई है, जिसने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।शनिवार को जहां बीजी रोड स्थित प्राचीन सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में चोरी हुई थी, वहीं शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बदमाशों ने पास ही स्थित भुजरिया तालाब मंदिर को भी नहीं बख्शा। चोरों ने मंदिर के महंत के कमरे में घुसकर करीब 1 लाख 75 हजार रुपए नकद, भगवान की पूजा में उपयोग होने वाले चांदी के बर्तन और महंत की चांदी की अंगूठी पर हाथ साफ कर दिया।रविवार सुबह जब महंत को चोरी की जानकारी लगी तो वे सीधे शहर कोतवाली पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस मौके पर तो पहुंची, लेकिन हमेशा की तरह औपचारिकता निभाते हुए मौका मुआयना और सीसीटीवी देखने की रस्म अदायगी कर लौट गई।

#### अब चुप नहीं बैठेंगे":महंत

भुजरिया तालाब स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के महंत राघवेन्द्र दास महाराज ने पुलिस की निष्क्रियता पर तीखी नाराजगी जताई। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि डेढ़ साल में यह मंदिर में तीसरी चोरी है। पहले कुंआर नवरात्रि में, फिर कुंभ मेले के दौरान और अब फिर से। पिछली दोनों घटनाओं में आज तक कोई खुलासा नहीं हुआ। अब सिर्फ दो-चार पुलिस वालों का आकर घूम जाना मंजूर नहीं है। अगर इस बार भी कार्रवाई नहीं हुई तो हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने संत समाज सड़कों पर उतरकर सनातनियों के साथ जन आंदोलन करने की चेतावनी दी है।महंत के अनुसार चोरी गए सामान की कुल कीमत तीन से साढ़े तीन लाख रुपए है, जिसमें मंदिर की चढ़ोत्तरी भी शामिल है।

#### सवालों के घेरे में पुलिस

लगातार मंदिरों में हो रही चोरी की घटनाएं यह साबित कर रही हैं कि रात्रि गश्त और अपराध नियंत्रण केवल कागज़ों तक सीमित है। संत समाज में गहरा आक्रोश है और अब पुलिस से सिर्फ आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई और खुलासा की मांग की जा रही है।

#### शहर में गूंज रहा है सवाल

जिलेभर में चोरी की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है जिससे लोगों में पहले से ही दहशत का माहौल व्याप्त है। लेकिन अब धार्मिक आस्था को छलनी करने वाली यह घटनाएं जिन में मंदिरों को टारगेट किया जा रहा है कि जब भगवान का घर सुरक्षित नहीं, तो आम आदमी की सुरक्षा की गारंटी कौन लेगा। यही सवाल शहर में गूंज रहा है।

#### सुबह दंडवत प्रणाम, शाम को चोरी

सिद्धविनायक गणेश मंदिर में आस्था की आड़ लेकर चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। सुबह मंदिर में दर्शन करने पहुंचे एक संदिग्ध युवक ने दंडवत प्रणाम किया, भगवान के सामने श्रद्धा दिखाई और मंदिर परिसर में काफी देर तक घूमता रहा, लेकिन रात होते-होते वही युवक मंदिर से चांदी और पीतल के कीमती सामान चोरी कर ले गया। यह पूरी घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है, जिसने न सिर्फ मंदिर समिति बल्कि शहर के लोगों को भी हैरान कर दिया है। इसके पूर्व बुधवार रात को चोरी ने मठकरी कॉलोनी से एक्टिवा चोरी की। गुरुवार सुबह उसी एक्टिवा से मंदिर के दर्शन करने पहुंचा और रात को उसी एक्टिवा पर सवार होकर मंदिर में हाथ साफ कर दिया।मंदिर के पुजारी अर्जुन मिश्रा ने बताया कि बीजी रोड स्थित सिद्धविनायक गणेश मंदिर से चांदी के दो छत्र चोरी हुए हैं, जिनका वजन आधा किलो से अधिक है और कीमत सवा लाख रुपये से ज्यादा आंकी जा रही है। इसके अलावा लगभग 30 किलो वजन के पीतल के घंटे भी चोरी कर लिए गए।

#### इनका कहना है...

इस मामले में पुलिस विभाग तेजी से पड़ताल में जुटा है। सीसीटीवी कैमरे देखे गए हैं और जल्दी ही 2 दिन के भीतर चोरों को पकड़ लिया जाएगा।



यह काम स्मैकचियों का लग रहा है। इस तरह के कार्य करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

**-अंकित सोनी,** पुलिस अधीक्षक, गुना

## सोमवार से पुनः लगेगा पीएम आवास मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका परिषद गुना द्वारा पत्रकार कॉलोनी के समीप जगनपुर में निर्मित किये जा रहे एल आई जी एवं एमआईजी भवनों में से एल आई जी भवनों की बिक्री हेतु सोमवार से पुनः आवास मेला लगाया जाएगा, यहां नागरिकों को आवास लेने के लिए पहले आओ पहले पाओ की सुविधा तथा होम लोन की सुविधा हेतु बैंकर्स भी उपस्थित रहेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री ने बताया कि विगत दिसंबर माह में लगाए गए आवास मेले के दौरान सभी एमआईजी भवन बुक हो गए हैं, उसके पश्चात नागरिक नगर पालिका में एल आई जी भवनों की बुकिंग हेतु आ रहे हैं। सोमवार से एसडीम ऑफिस एवं तहसील ऑफिस के नजदीक बन रहे प्रधानमंत्री आवास के एल आई जी भवनों की बिक्री हेतु आवास मेला का आयोजन किया जा रहा है। एल आई जी भवनों का विक्रय जारी है



एलआईजी भवन 2 बीएचके है जिनमें तीन कमरे, किचन, हॉल, दो लेट बाथ के साथ वास एरिया, पोर्च आदि है । नागरिक अभी अपनी पसंद से भवन चुन सकते हैं । आगामी दिनों में पंजीयन करने के पश्चात लॉटरी द्वारा भावनों का ड्रा निकाला जाएगा ।अतः पहले आओ पहले पाओ की योजना का नागरिक लाभ उठाएं एवं सोमवार से आयोजित होने वाले आवास मेला में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपने आवास बुक करायें। एल आई जी भवन 2018 के रेट पर ही उपलब्ध हैं।

## कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी गुना के तत्वावधान में शास्त्री पार्क गुना में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई । समस्त कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि आर्पित की गई दो मीनिट का मौन धारण किया गया । कांग्रेस कमेटी जिला गुना के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयीवर्गीय एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण भार्गव ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर कांग्रेस के निम जन उपस्थित थे । जिसमें राजेन्द्र तिवारी,पंकज कनेरिया, ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रकाश चौधरी,माधो महाराज रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष 1 गुना, हलीम गाजी ब्लॉक अध्यक्ष 2 गुना,राजू जाटव पार्षद, तरुण सेन पार्षद, रहीस खान पार्षद,कैलाश यादव, इकरार बल्ला, प्रमोद रघुवंशी,बृजेश भार्गव, असीम भटनागर, सहदेव बाल्मीकि, अकबर खान, कमलेश कुशवाह, अशोक जाटव, मोहित शर्मा, करण जाटव, दुर्गेश ओझा, रवि राजपूत,मंगल सिंह सेलर, सोहिल खान, बाबू लाल बंजारा,आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र तिवारी ने आभार ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह ने किया ।

### ड्यूटी से नदारद रहे चिकित्सा अधिकारी, कारण बताओ नोटिस जारी

**रुठियाई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुठियाई अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुठियाई में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशिफ पठान को ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। यह नोटिस खंड चिकित्सा अधिकारी, रुठियाई द्वारा जारी किया गया।नोटिस के अनुसार डॉ. आशिफ पठान 21 दिसंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक बिना पूर्व अनुमति एवं बिना किसी सूचना के अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित रहे। इस अवधि में न तो उन्होंने अवकाश स्वीकृत कराया और न ही वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुईं।प्रशासन का कहना है कि ड्यूटी से इस प्रकार की अनुपस्थिति मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियमों के अंतर्गत गंभीर कर्तव्यहीनता की श्रेणी में आती है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि संबंधित अधिकारी द्वारा सौंपे गए दायित्वों के प्रति लापरवाही बरती गई।खंड चिकित्सा अधिकारी ने नोटिस में निर्देश दिए हैं कि डॉ. पठान दो कार्य दिवसों के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। यदि निर्धारित समय-सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की स्वयं की होगी।इस कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप की स्थिति है और इसे विभागीय अनुशासन की दिशा में एक सख्त कदम माना जा रहा है।

## पुलिस अधीक्षक के सशक्त नेतृत्व में गुना पुलिस का व्यापक कॉम्बिंग गस्त अभियान

# कॉम्बिंग गस्त में लंबे समय से फरार 51 वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त नेतृत्व एवं रणनीतिक मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा जिले में लगातार अपराधियों पर सख्त शिकंजा कसा जा रहा है । जिले में अपराधों पर नियंत्रण हेतु विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों, वारंटियों, जिला बदर बदमाशों, इनामी आरोपियों एवं अन्य आपराधिक तत्वों पर निरंतर कार्रवाई की जा रहीं हैं ।

साथ ही समय-समय पर जिले में कॉम्बिंग गस्त कर फरार आरोपियों, वारंटियों, जिला बदर बदमाशों, गुंडा, हिस्ट्रीशीटर्स बदमाशों आदि की सघन चेकिंग की जा रही है । इसी क्रम में गत रात्रि में जिलेभर में पुलिस द्वारा एक साथ और एक समय में कॉम्बिंग गस्त अभियान संचालित किया गया । इससे पूर्व सभी सभी पुलिस टीमों को संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देकर कॉम्बिंग गश्त के लिए क्षेत्रवार रवाना हुए । गुना पुलिस की इस कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस टीमों के द्वारा अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सघन भ्रमण करते हुए गुंडा-बदमाश, हिस्ट्रीशीटर, जिला बदर अपराधियों, स्थाई, गिरफ्तारी वारंटियों, इनामी आरोपियों सहित विभिन्न अपराधों



में फरार चल रहे आरोपियों की गहन तलाश की गई, जिसमें पुलिस के हाथ कई सफलतायें लगीं हैं, इस दौरान न्यायालयों से विभिन्न प्रकरणों में जारी वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 51 वारंटियों (18 स्थाई एवं 33 गिरफ्तारी) को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है।

**इनमें थाना-वार उपलब्धियां इस प्रकार रहीं** :-1. गुना कोतवाली : 07 स्थाई, 06 गिरफ्तारी, कैंट थाना : 03 स्थाई, 08 गिरफ्तारी, बजरंगढ़ थाना : 02 गिरफ्तारी, म्याना थाना : 04 गिरफ्तारी, बमौरी थाना : 03 गिरफ्तारी, फतेहगढ़ थाना : 03 गिरफ्तारी, सिरसी थाना : 01 गिरफ्तारी, राघौगढ़ थाना : 02 स्थाई, 03 गिरफ्तारी, आरोन थाना : 02 गिरफ्तारी, चांचौड़ा थाना : 05 स्थाई11. कुम्भराज थाना : 01 स्थाई,. मृगवास थाना : 01 गिरफ्तारी

इस दौरान जिले भर के सभी थाना क्षेत्रों से गस्त टीमों के द्वारा जिला बदर अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर्स व गुंडा-बदमाशों तथा अन्य अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों आदि को भी गहनता से चैक किया गया, जिससे अपराध नियंत्रण की दिशा में मजवूत परिणाम प्राप्त हुए ।

गुना पुलिस का जिले में अपराधियों के विरूद्ध यह अभियान भविष्य में भी इसी कठोरता और निरंतरता के साथ जारी रहेगा । कानून और शांति व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी । अतएव कानून का पालन करें, गुना पुलिस आपकी सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है ।

## समाचार संक्षेप

### विधायक प्रियंका पेची ने मधुसूदनगढ़ में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया


**चाचौड़ा।** थाना परिसर मधुसूदनगढ़ में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली एवं आधुनिक कंट्रोल रूम का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेची विशेष रूप से सम्मिलित रहीं। कार्यक्रम में कहा गया कि यह आधुनिक व्यवस्था क्षेत्र में सुरक्षा, कानून-



व्यवस्था एवं जनसुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्यामलाल अहिरवार, उपाध्यक्ष कौशलेंद्र अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि बृजेश बंसल, थाना प्रभारी संदीप यादव सहित थाना स्टाफ एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।इसी क्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री शनरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रारंभ सोमनाथ स्वाभिमान पर्व–2026 के अंतर्गत मधुसूदनगढ़ स्थित प्राचीन "महादेव" मंदिर में विधायक प्रियंका पेची की उपस्थिति में ॐकार मंत्र के जप के साथ विधिवत पूजन-अर्चना की गई। इस अवसर पर सनातन स्वाभिमान, शिवालयों की अखंडता एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।वहीं मधुसूदनगढ़ स्थित प्रेरणा कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में भी चाचौड़ा विधायक प्रियंका पेची मुख्य रूप से सम्मिलित रहीं। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ सराहनीय रहीं। विधायक ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष प्रदीप साहू, नगर परिषद सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती, तहसीलदार उदय जाटव, पार्षद प्रतिनिधि राजू लोगरिया, मण्डल महामंत्री सर्वेश मीना सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### मधुसूदनगढ़ में "विकास गाथा" पुस्तक का विमोचन, देशभक्ति गीतों से गूंजा नगर

**चाचौड़ा ।** नगर में आयोजित "मधुसूदनगढ़ की विकास गाथा" पुस्तक के विमोचन एवं देशभक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम "एक शाम, देश के नाम" का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर नगर के विकास, उपलब्धियों एवं भावी संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया।विमोचित पुस्तक




"मधुसूदनगढ़ की विकास गाथा" नगर के समग्र विकास, जनकल्याणकारी कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं को समाहित करने वाला प्रेरणादायक दस्तावेज है। वहीं देशभक्ति गीतों की सशक्त प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम और उत्साह से ओत-प्रोत कर दिया।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्यामलाल अहिरवार, नगर परिषद उपाध्यक्ष कौशलेंद्र अग्रवाल, नगर परिषद CMO वीरेंद्र चक्रवर्ती, तहसीलदार उदय जाटव, नायब तहसीलदार कमल सिंह कोली, दैनिक भास्कर क्लस्टर हेड गुना वीरेंद्र बंसल, मंच संचालक हेमराज अहिरवार, मंडल महामंत्री सर्वेश मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान मधुसूदनगढ़ के समग्र विकास, सांस्कृतिक चेतना के संवर्धन एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# नगर में हिंदू राष्ट्रीय एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶चांचौड़ा

सनातन धर्म हिन्दू राष्ट्रीय एकता यात्रा निचले बाजार बीनागंज में रामानंद आश्रम से मेन रोड तक भव्य रूप से निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाजजन शामिल हुए। यात्रा में महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही, अधिकांश महिलाएं पीली साड़ियों में शामिल होकर आकर्षण का केंद्र बनीं। यात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा व स्वागत किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीना ने फूलों से स्वागत कर गोवंश पूजा की। जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ एवं प्रवल प्रताप सिंह ने भी यात्रा का भव्य स्वागत किया।

वहीं नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज अध्यक्ष सुनीता प्रदीप नाटाणी ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।हिंदू राष्ट्रीय एकता यात्रा का समापन शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ, जहां नगर भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा के माध्यम से सनातन धर्म, हिंदू एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।हिंदू राष्ट्रीय एकता यात्रा में उमड़ा जनसैलाबबीनागंज। सनातन धर्म हिन्दू राष्ट्रीय एकता यात्रा निचले बाजार बीनागंज में रामानंद आश्रम से मेन रोड तक भव्य रूप से निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में हिंदू समाजजन शामिल हुए। यात्रा में महिलाओं की सहभागिता उल्लेखनीय रही, अधिकांश महिलाएं पीली साड़ियों में शामिल होकर आकर्षण का केंद्र बनीं।यात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा व स्वागत किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मीना ने फूलों से स्वागत कर गोवंश पूजा की। जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ एवं प्रवल प्रताप सिंह ने भी यात्रा का भव्य स्वागत किया। वहीं नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज अध्यक्ष सुनीता प्रदीप नाटाणी ने गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया।हिंदू राष्ट्रीय एकता यात्रा का समापन शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल में हुआ, जहां नगर भंडारे का आयोजन किया गया। यात्रा के माध्यम से सनातन धर्म, हिंदू एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की मासिक बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (मध्य भारत) जिला गुना की मासिक बैठक भगवान श्री चित्रगुप्त जी की महा आरती के उपरांत कायस्थ एकता जिंदाबाद के नारे के साथ बृजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रारंभ की गई । बैठक का संचालन उपाध्यक्ष असीम भटनागर द्वारा किया गया 25 दिसंबर 25 को विदिशा में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पारित हुए प्रस्तावों को बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित सदस्यों को पढ़कर सुनाया । प्रांत अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव के निर्देशानुसार 12 जनवरी 26 को स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया ।उपस्थित सदस्यों के सुझाव साझा करते हुए सर्वसम्मति से कार्यक्रम को भव्य बनाने में युवा अध्यक्ष अंशुल श्रीवास्तव को अधिक से अधिक युवाओं को कार्यक्रम में लाने हेतु आग्रह किया। स्वामी जी की जयंती युवा दिवस के रूप में जाट पुरा स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर के स्वामी विवेकानंद सभागार में शाम 3:30 बजे से युवाओं के सम्मान के साथ मनाई जावेगी। उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया है की अपने परिवार के बच्चों युवाओं को साथ लेकर अवश्य आए ।

समस्त कायस्थ समाज जनों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें । बैठक में बृजेश श्रीवास्तव, अंशुल श्रीवास्तव ,असीम भटनागर, राजेश श्रीवास्तव, राधेश्याम श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, प्रकाश श्रीवास्तव ,विनोद श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव , नितिन सक्सेना, अजय श्रीवास्तव, नवोदित सक्सेना, गोपाल श्रीवास्तव ,राहुल श्रीवास्तव, शामिल रहे संगठन की मजबूती एवं सक्रियता के क्रम में महासभा ने कार्यकारिणी के विस्तार में महेश श्रीवास्तव को जिला संरक्षक सलाहकार एवं राधेश्याम श्रीवास्तव विनोद श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष एवं प्रकाश श्रीवास्तव को जिला महामंत्री ,दीपक श्रीवास्तव को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सोपा गया ,सक्रिय सदस्यता के क्रम में राहुल श्रीवास्तव ने महासभा में 5 वर्ष के लिए सक्रिय सदस्यता ग्रहण की उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा सभी पदाधिकारी एवं नवीन सक्रिय सदस्य को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की राजेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया

## संगठित समाज ही कर सकता धर्म की रक्षाः दिनेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

राघौगढ़ के गोड़िया मंडल के हिंदू सम्मेलन में अपना वक्तव्य देते हुए शिक्षक संघ के संगठन मंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि प्रभु श्री राम ने रावण के वध के लिए समाज को संगठित करके हमें यह संदेश दिया कि समाज के सभी जाति वर्ग एकत्र होते हैं तो रावण




जैसे आतताई का समूल नाश होता है। आपने कहा कि आज का संगठित हिंदू समाज की शक्ति ही हम पर होने वाले अत्याचारों को भी समाप्त करेगा। संगठित हिंदू समाज आने वाले भविष्य के हिंदू समाज की सुरक्षा की गारंटी है, और हमारी भावी पीढ़ी हिंदू ही रह सकेगी । समाज जाग रहा है सचेत है उसे सीखना होगा कश्मीर से बंगाल से और बांग्लादेश से कार्यक्रम में गौडिया मंडल के सभी 6 ग्रामों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे कार्यक्रम में गौडिया के पटेल जमुनालाल गुर्जर एवं रामचरण गुर्जर एवं संत वक्ता पंडित सुदामा शर्मा एवं कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर वीरेंद्र धाकड़ ने किया कार्यक्रम में सहयोग राजकुमार ने किया तथा विशेष रूप से आनंद भार्गव विभाग ग्राम विकास संयोजक उपस्थित रहे भारत माता की आरती एवं समरसता प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## गुना नगर की तीन बस्तियों अम्बेडकर, माधव व परशुराम बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

गुना नगर की अम्बेडकर बस्ती, माधव बस्ती एवं परशुराम बस्ती में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं सामाजिक समरसता के साथ संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, पुरुष वर्ग, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में हिंदू समाज को संगठित करने, स्वदेशी अपनाने तथा सनातन संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम के मंच पर परम श्रद्धेय संत श्री कैलाश गिरी जी महाराज, मातृशक्ति की ओर से नीतू शर्मा तथा मुख्य वक्ता के रूप में



सौरभ पाराशर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता शसौरभ पाराशर ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा कि"समरसता से ही समाज की क्षमता बढ़ती है और संगठन से ही उसकी शक्ति प्रकट होती है। बिना संगठित हुए कोई भी समाज अपने अधिकारों, संस्कृति और भविष्य की रक्षा नहीं कर सकता।" उन्होंने हिंदू समाज के गौरवशाली इतिहास की चर्चा करते हुए कहा कि हमारा समाज त्याग, वीरता, ज्ञान और संस्कृति का प्रतीक रहा है। आज समय की आवश्यकता है कि हम अपनी उस ऐतिहासिक शक्ति को पुनः पहचानें और संगठित होकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि शक्ति के बिना कोई भी समाज सुरक्षित नहीं रह सकता और संगठन के बिना शक्ति स्थायी नहीं बनती।परम श्रद्धेय संत श्री कैलाश गिरी जी महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि आज हिंदू समाज को चेतना और जागरण की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब तक समाज अपनी संस्कृति, धर्म और कर्तव्यों के प्रति जागरूक नहीं होगा, तब तक राष्ट्र भी सशक्त नहीं बन सकता। मातृशक्ति की ओर से उपस्थित नीतू शर्मा ने कहा कि हिंदू समाज की नींव परिवार से बनती है और कुटुंब प्रबोधन ही समाज के उत्थान का सबसे मजबूत आधार है। यह सम्मेलन हिंदू समाज में जागृति, संगठन एवं समरसता का संदेश देकर एक नई ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ।

## नेत्र शिविर में की गई 209 मरीजों की जांच व 122 के किए जाएंगे ऑपरेशन




**अशोकनगर।** जैन समाज की प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्था दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा अपने संस्थापक अध्यक्ष जैन रत्न स्व. प्रदीप कुमार सिंह कासलीवाल की 78 वीं जन्म जयंती को देश भर के सभी अलग अलग ग्रुपों के माध्यम से अमृत सेवा सप्ताह के रूप में मनाने का संकल्प किया है, इसी कड़ी में फेडरेशन के आवाहन पर रविवार को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत अशोकनगर द्वारा स्थानीय रोटरी भवन अशोकनगर में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।

नेत्र शिविर के संयुक्त तत्वाधान रोटरी क्लब अशोकनगर एवं श्री सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय का है। एवं विशेष सहयोग श्री करुणानिधि सेवा समिति अशोकनगर का रहा। नेत्र शिविर का शुभारंभ दर्शनोदय वाले बड़े बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके एवं ग्रुप सदस्यों द्वारा मंगलाचरण का पाठ करके किया गया। ग्रुप अध्यक्ष राजीव ठेकेदार एवं स्वास्थ संयोजक डॉ दीपक द्वारा डॉक्टर्स टीम का माल्यार्पण द्वारा सम्मानित किया गया। नेत्र शिविर में सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉ. अनिल पटेल एवं उनकी चिकित्सा टीम द्वारा 209 नेत्र रोगियों की नेत्र जांच की गई जिनमें से 122 मरीजों में मोतियाबिंद के लिए चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए सदगुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी भेजा गया। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाएं,चश्मा एवं भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है जिससे जरूरतमंद को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में सांवलहेड़ा का शानदार प्रदर्शन



**मुंगावली।** विकासखंड स्तर पर विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन मुंगावली में किया गया। यह प्रतियोगिता 'विकसित भारत/ आत्मनिर्भर भारत के लिए स्टेम थीम पर आधारित रही, जो शाला स्तर से प्रारंभ होकर जन शिक्षा केंद्र स्तर होते हुए विकासखंड स्तर तक पहुंची।

प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान के विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही एकल गीत, लघु नाटिका एवं सेमिनार प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। इस वर्ष भी शासकीय माध्यमिक विद्यालय साँवलहेड़ा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि विद्यार्थियों ने शिक्षिका नीतू चैहान के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में इतिहास विषय में विकास कुशवाह ने प्रथम, वेदांत गिरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। राजनीति विज्ञान में कान्हा यादव प्रथम एवं रितिका यादव द्वितीय स्थान पर रहीं। भूगोल में सूर्यांश सेन ने प्रथम व विवेक गिरी ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

## निशुल्क स्वास्थ्य में 530 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं दी गई



**अशोकनगर।** जिला प्रशासन, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं सेवा भारती के सहयोग से रविवार को जिला चिकित्सालय में रामकृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर भोपाल के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रिसर्च सेंटर भोपाल के स्पेशलिस्ट डॉक्टरों द्वारा सभी रोगों के मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया एवं निःशुल्क दवाएं प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, डॉक्टर डीके जैन, एडीएम देवकीनंदन सिंह, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जयमंडल सिंह यादव, प्रदेश प्रबंध समिति सदस्य डॉक्टर अनुराधा यादव, अभिजीत जैन, रामकृष्ण मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल सीईओ अनूप सिंह भोपाल मंचासीन थे। शिविर का संचालन रेडक्रॉस सोसाइटी के उपसभापति राजीव जैन ने किया। आभार सेवा भारती प्रदेश सचिव महेंद्र सिंह रघुवंशी ने किया मुख्य अतिथि नीरज मनोरिया द्वारा अपने संबोधन में रेडक्रॉस सोसाइटी के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगे भी समाज सेवा के कार्य इसी तरह करते रहे। अध्यक्षता कर रहे रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जयमंडल सिंह द्वारा स्वागत भाषण दिया।। आभार सेवा भारती प्रदेश सचिव महेंद्र सिंह रघुवंशी ने व्यक्त किया। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी डॉक्टर दीपक मिश्रा अध्यक्ष देवेंद्र जैन सतीश पाराशर डॉ राजकुमार शर्मा अंकित छाबड़ा अशोक रघुवंशी डॉक्टर रामकुमार ओझा डॉक्टर संजय श्रीवास्तव डॉ राजकुमार रघुवंशी संतोष रजक आदि उपस्थित थे।

## सहकार भारती जिला अशोकनगर की इकाई ने मनाया सहकार भारती का स्थापना दिवस



**अशोकनगर।** सहकार भारती जिला इकाई द्वारा अपने मानस भवन पर महेन्द्र शर्मा के मुख्य आथितय में मनाया सर्व प्रथम लक्ष्मण राव नामदार के चित्र पर माल्यार्पण कर व सहकारिता गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

सहकार भारती के जिला अध्यक्ष अशोक सोनी ने बताया देश में सहकार भारती की स्थापना 11 जनवरी 1978 क़ो पुणे में हुई इसकी देश में लगभग 650 शाखाएं संचलित है महामंत्री रविन्द्र भारद्वाज ने कार्यक्रम क़ो बड़े हर्षोउल्हास के साथ मनाया गया। तथा शहर में स्वामी विवेकानंद क्रेडिट सोसायटी क़ो अच्छे स्तर पर संचालित करने में सहयोग करने के लिए सभी आगे आए संगठन प्रमुख अबधेश शर्मा ने सहकारिता के आंदोलन से समाज का आर्थिक उत्थान किये जाने आव्हान किया तथा तहसील स्तर पर जो गठन किया गया है वो भी तहसील स्तर पर संघठन क़ो मजबूती प्रदान कर सदस्य संख्या बढ़ाये इस अबसर पर जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा कार्यकारिणी सदस्य साधना शर्मा, रमेश पाराशर, भारती साहु शिवकुमार शर्मा अध्यक्ष, रीना यादव, मुन्नालाल कलावत,सतीश बुधोलिया, नेमीचंद साहू, डॉ आनन्द मोहन दुबे,नीरज शर्मा,महेन्द्र श्रीवास्तव, बकुल त्रिपाठी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अशोकनगर के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

## श्रीकृष्ण क्रांति गोशाला गोरा में अखण्ड गीता पाठ और गौ माता को खिलाया गुड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

सभी गीताप्रेमियों ने शंख ध्वनि के साथ श्रीमद् भगवद्गीता के सभी अठारह अध्याय के मूल श्लोकों का सामूहिक पाठ किया और जन जन को श्रीमद्भगवद्गीता पढ़ने की प्रेरणा दी। गीता पाठ करने के पश्चात सभी ने सामूहिक वैदिक यज्ञ किया।

### गोशाला में गोमाताओं को ठंड से बचाव हेतु सभी ने गुड़ खिलाया



गीता स्वाध्याय के क्रम में समिति के मंडल रांवसर द्वारा 87 वे रविवार को गीता के दशम अध्याय विभूति योग के श्लोक संख्या 22 से 33 तक स्वाध्याय किया गया। भगवान श्रीकृष्ण अपनी विभिन्न ऐश्वर्यशाली विभूतियों का वर्णन करते हैं, जिसमें वे वेदों में सामवेद, देवताओं में इंद्र, इंद्रियों में मन, और प्राणियों में चेतना, तथा सृष्टि के आरंभ, मध्य और अंत में स्वयं का अस्तित्व बताते हैं; साथ ही वे बताते हैं कि अक्षर में अ, समास में द्वंद्व, काल में अक्षय काल, और विराट स्वरूप में धाता भी वे स्वयं हैं।

### तूमैन में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न




**अशोकनगर।** सकल हिंदू समाज मंडल तूमैन के तत्वाधान में मां विंध्यवासिनी धर्मशाला में श्विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में क्षेत्र के 12 ग्रामों के श्रद्धालुओं और प्रबुद्ध जनों ने सहभागिता की।

**भव्य कलश यात्रा से हुआ आगाज़ः** सम्मेलन की शुरुआत से पूर्व, महिलाओं द्वारा त्रिवेणी से जल भरकर एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर गुज़री, जिसका कई स्थानों पर स्थानीय निवासियों और विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस धार्मिक यात्रा ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर दीपक मिश्रा थे। इस मौके पर कई लोगों का सम्मान भी किया गया।

### कथा में श्री गोवर्धन पूजा का वर्णन और 56 भोग का आयोजन

**पिपरई।** ग्राम आकेत में कथा बाचक मनोज शास्त्री ने श्रीमद्भागवत में श्री गोवर्धन पूजा का प्रसंग भगवान श्रीकृष्ण की लीला, इंद्र के अभिमान के दमन और प्रकृति-पूजा के महत्व को दर्शाता है।

जहाँ श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की इंद्र की भयंकर वर्षा से रक्षा के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया, जिससे इंद्र का घमंड चूर-चूर हो गया। यह प्रसंग कृतज्ञता व ईश्वर पर निर्भरता का प्रतीक बन गया, जिसे आज भी अन्नकूट उत्सव के रूप में मनाया जाता है। शास्त्री जी ने 56 भोग प्रसंग कथा भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी है, जिसमें इंद्र के



प्रकोप से ब्रजवासियों को बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत उठाने के बाद, सात दिनों तक अन्न-जल ग्रहण न करने के पश्चात माता यशोदा और गोकुलवासियों ने मिलकर उन्हें 56 भोग अर्पण किये। सभी धर्म प्रेमी भक्त जनों ने कथा का श्रबन किया।

## वरिष्ठ पत्रकार डॉ. पांडेय मंत्रालय द्वारा गठित हिंदी सलाहाकार समिति में सदस्य नामित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



भारत सरकार के उत्तर पूर्वी विकास मंत्रालय द्वारा एक 25 सदस्यी समिति का पुर्नगठन किया गया है। उक्त समिति में ग्वालियर मध्यप्रदेश से वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समाजसेवी डॉ. केशव पाण्डेय को सदस्य नामित किया गया है।

मंत्रालय द्वारा गठित समिति का कार्य राजभाषा विभाग द्वारा सरकारी कामकाज के लिए हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के सम्बंध में निर्धारित नीतियों को उत्तर पूर्वी विकास मंत्रालय में लागू करवाने के बारे में सलाह देना होगा। पुर्नगठित समिति का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा, समिति के अध्यक्ष उत्तर पूर्वी विकास मंत्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया एवं उपाध्यक्ष उत्तर पूर्वी विकास राज्य मंत्री सुकान्त मजूमदार होगे। ज्ञात रहे वर्ष 2012 में डॉ. केशव पाण्डेय पूर्व में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गठित हिन्दी सलाहाकार समिति में भी सदस्य रह चुके है। उक्त मनोनयन पर डॉ. पाण्डेय ने समिति के अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त किया है।खबर

## खबर संक्षेप

### वीडियो कोच बस में कार घुसी, 3 घायल 1 की हालत गंभीर

**अशोकनगर।** गुना अशोकनगर रोड पर बरखेडी और रातीखेडा के बीच एक कार सामने से आ रही वीडियो कोच बस से जा टकराई। इस घटना में कार में बैठे 3 लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अशोकनगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक की हालत गंभीर होना बताई गई है। घटना रविवार की शाम 6 बजे की है घटना के बारे में बताया गया है कि अशोकनगर से इन्दौर के लिए एक वीडियो कोच बस रवाना हुई थी, शहर से 2 किलोमीटर दूर यह बस जब बरखेडी गांव से रातीखेडा जा रही थी तभी एक ट्रक ओवर टेक करते हुए आ गया। उसी समय दूसरी दिशा से आ रही एक कार बस से जा टकराई। इस घटना में कार में सवार तीनों घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनमें सीताराम और आकाश जाटव मूडरा ब्यापुर जिला अशोकनगर के रहने वाले हैं जबकि प्रकाश जाटव रायश्री गांव का निवासी है। इन सभी को चोटें आई हैं। सिटी कोतवाली के टीआई रविप्रताप सिंह चैहान ने बताया कि इस घटना में 3 घायल हुए हैं जिनमें आकाश जाटव को अधिक चोटे आई हैं जिसकी हालत गंभीर है। इस घटना में प्रकाश जाटव को कम चोटें आई हैं।

### लोहे के पाईप से तोड़फोड़ की, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम महिदपुर निवासी धर्मेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शुभम रघुवंशी ने लोहे के पाईप से फरियादी के घर के गेट,कूलर, आटे की चक्की, टीवी और पानी की टंकी की तोड़फोड़ की। जिस पर से पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### 15 वर्षीय किशोर ने की फांसी लगाकर खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरडी निवासी कन्हैया पुत्र राजपाल आदिवासी उम्र 15 साल ने सिंघपुर में पहाड़ी पर लगे टावर पर फांसी लगाकर खुद कुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अज्ञात चोर घर में घुस कर जेवर व नगदी चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत ग्राम प्राणपुर निवासी अदुल सफीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोरी उनके घर में घुसकर सोने का हार, मंगलसूत्र, चांदी की पायले, बिछुड़ी, सोने की एक मोती वाली माला और नगदी 12 हजार रूपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### नपा अध्यक्ष ने अतिक्रमण हटाए जाने वाले रास्तों का निरीक्षण किया

**अशोकनगर।** नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने आज कोलुआ रोड एवं शासकीय अस्पताल रोड पर हुए अतिक्रमण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से संवाद किया। दुकानदारों द्वारा बताया गया कि नालों के ऊपर रखी फरसी हट जाने के कारण दुकानों तक आने-जाने में समस्या उत्पन्न हो रही है। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वस्त किया कि बुधवार से नालों के ऊपर पुनः फरसी रखवाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा, जिससे दुकानदारों एवं आम नागरिकों को राहत मिलेगी।

## अनदेखी से शहर के 5 किलोमीटर के दायरे में जहां देखो वहीं कॉलोनियां

# शासकीय भूमि पर नहीं किया जा रहा कॉलोनाइजरों द्वारा नियमों का पालन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय के साथ आस पास के 5 किलोमीटर दायरे में कॉलोनियो का जाल फैला है। लेकिन इन कॉलोनाइजरों द्वारा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है जिसे लेकर कलेक्टर द्वारा कई कॉलोनाइजरों को नोटिस भी जारी किए गए है।

कई कॉलोनाइजर ऐसे भी है जिन्होंने शासकीय भूमि पर ही कॉलोनी काट दी है। लगभग 225 कॉलोनियां हैं लेकिन मुश्किल से 10 भी वैध नहीं हैं। अशोकनगर जिले में कॉलोनाइजरों द्वारा कॉलोनियां ही कॉलोनियां काटी गई हैं जिसके कारण जमीनों के दाम आसमान पर हैं। इस कॉलोनियों को लेकर आप किसी भी रोड पर निकल जाएं आपको महंगे दाम चुकाने होगें इतने दाम महानगरों में भी नहीं हैं जितने दाम यहां आवासीय भूखण्डों के हैं। गुना रोड पर एक बीघा भूमि रातीखेडा के पास तक 1 करोड रूपए प्रति बीघा पर पहुंच गई है। इसी प्रकार ईसागढ रोड पर 1 करोड बीघा के दाम हैं। कोलुआ रोड पर 60 लाख रूपए बीघा और विदिशा रोड पर भी 70 लाख रूपए बीघा हैं। सबसे कम दाम हैं तो आरोन रोड पर हैं यहां जमीन के दाम 40 लाख रूपए बीघा हैं। आसपास के जितने भी ग्राम हैं वह शहर से जुड गए हैं जिसके कारण उनकी जमीन करोंड़ों पर पहुंच गई है। जिस भूमि पर कॉलोनियां काटी जा रही हैं उसके बारे में कॉलोनी काटने से पहले यह जरूरी है कि यह जानकारी हो कि यह जमीन किस उपयोग की है। अगर कृषि भूमि है तो वह अवैध है। कॉलोनी काटने से पहले टीएनसी की परमिशन होना जरूरी है। कॉलोनाइजर के लिए शहरी स्तर पर एसडीएम द्वारा और शहर में कलेक्टर द्वारा ऑनलाइन स्वीकृती दी जाती है।

टीएनसी की परमिशन गुना में संचालित कार्यालय से मिलती है। यह कार्यालय गुना, अशोकनगर और शिवपुरी जिले का संयुक्त कार्यालय है। कॉलोनी काटने से पहले नगरीय निकाय पी डब्ल्यू डी , विधुत मंडल, वन विभाग, तहसील और बैंक की एनओसी होना जरूरी है लेकिन इनका कोई उपयोग नहीं किया जाता। एक बीघा जमीन 22500 वर्ग फुट होती है जिसमें 54 प्रतिशत में ही प्लाटिंग की जा सकती है शेष भूमि में सड़क निर्माण, पार्क ,मंदिर, पानी की टंकी, शीवेज सिस्टम, वाटर हारवेस्टिंग, होना अनिवार्य है। रोड के दोनो ओर पेड़ लगाए जाना जरूरी है। अनुसूचित जाति के लिए भी जगह छोडना आवश्यक है। 10 प्रतिशत प्लाट कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधित किए जाते हैं। जैसे जैसे कॉलोनी में काम होते जाएगें वैसे वैसे इन प्लॉटों को फ्री कर दिया जाएगा। प्लाट काटने के लिए सोसाइटी बनाना आवश्यक है। कई कॉलोनियों में शासकीय भूमि हैं।

### क्या कहना है इनका

शहर में जितनी भी कॉलोनियां हैं सब की जांच की जाएगी, शासकीय भूमि जिन कॉलोनियों में आ रही है उन्हें भी नोटिस जारी किए गए हैं। ऐसी कॉलोनियों पर जल्द कार्यवाही होगी।

कलेक्टर आदित्य सिंह

### प्लॉटों में यह हो रही हैं गड़बड़ी

1 सर्वे नम्बर कईं और कब्जा कहीं और दिया जा रहा है।
2 कॉलोनाइजर जमीन वहीं खरीदते हैं जहां शासकीय भूमि लगी है।
3 शासकीय नम्बर की जमीन को सर्कीण कर बेच दिया जाता है।
4 प्लाट पूरे विक्रय होने के बाद जो रकबा बचता है जीरो होना चाहिए ताकि रोड के प्लाट न बेचे जा सकें।
5 कॉलोनाइजरों को प्लाट विक्रय की जानकारी प्रशासन को दी जाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं होता।

### प्लॉट खरीदने से पहले जागरुकता की जरूरत

1 प्लॉट खरीदने से पहले देखें कि सर्वे नम्बर आ रहा है या नही।
2 कॉलोनी में सर्वे नम्बर के साथ डायवर्सन लिखा होना चाहिए।
3 कहीं जमीन बैंक में बंधक तो नही हैं।
4 रोड के रकबे से प्लॉट की रजिस्ट्री तो नहीं की जा रही।
5 नोटरी के द्वारा प्लाट न खरीदे जाएं।

## कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

# पुलिस ने धोखाधड़ी से भूमि का विक्रय किए जाने पर कराया 2 कॉलोनाइजरों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सिटी कोतवाली के अंतर्गत दीक्षा गुप्ता पत्नी हिमांशु गुप्ता निवासी विदिशा रोड अशोकनगर द्वारा कलेक्टर को एक लिखित आवेदन सौंपकर धोखाधड़ी पूर्वक भूमि का विक्रय किए जाने पर मामला दर्ज किए जाने की मांग की थी। उक्त आवेदन के बाद कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने कॉलोनाइजर मुकेश साहू और अंकित अग्रवाल पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने उक्त आवेदन के आधार पर यह कार्यवाही की है जिसमें उल्लेख है कि मुकेश साहू और अंकित अग्रवाल पूर्व से परिचित रहे हैं। उक्त दोनों कॉलोनाइजरों द्वारा ग्राम फुटेरा पछार तहसील ईसागढ स्थित भूमि सर्वे नम्बर 6/2 रकबा 0.627 हेक्टेयर को स्वयं के स्वामित्व और अधिपत्य की बताकर उक्त भूमि का विक्रय किया था जिसमें 24 अप्रैल 2023 को 18 लाख रूपए चैक से प्रदान किए थे जिसमें दो चैक 9-9 लाख रूपए के दिए गए थे एवं नगद 70 लाख रूपए दलाल चन्द्रमोहन शर्मा पुत्र लल्लीराम शर्मा निवासी नगेश्री चैराहे के समक्ष उन्हें भुगतान कर रजिस्ट्री कराई थी। उक्त विक्रेताओं द्वारा तथ्यों को छिपाकर एवं गुमराह कर धोखाधड़ी की गई। अशोकनगर के न्यायालय में भी कार्यवाही प्रचलित रही है जिसका निर्णय 9 फरबरी 2024 को विक्रय पत्र शून्य कर आवेदिका को भूमि से बेदखल एवं मानसिक और आर्थिक क्षति पहुंचाई। इन प्रकरणों की जानकारी होने के बाद भी उक्त विक्रेताओं द्वारा उसे धोखे में रखा गया। जब हमने रूपए वापिस किए जाने की मांग की तो उन्होंने इन्कार कर दिया तथा उनके साथ झगडा किया। जिस पर से पुलिस ने उक्त दोनों कॉलोनाइजरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

# आरोपी से 2 किलो 11 ग्राम गांजा बुलेट मोटरसाइकिल जब्त की गई



**अशोकनगर।** थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम यादव द्वारा हत्या मे सजायाब व बहादुरपुर के पूर्व के अपराध मे चल रहे स्थायी वारंटी को 02 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा मय बुलेट मोटरसाइकिल मसरूका कीमती करीबन 02 लाख रुपये के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि थाना बहादुरपुर अंतर्गत मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मलहुआ तरफ से एक व्यक्ति अवैध गांजे की तस्करी करने के लिये अतरेजी की तरफ आ रहा है। मुखविर की सूचना पर कैथन नदी के पुल पर चैकिंग की गई तो रात्री करीबन 09 बजे मुखबिर के बनाये अनुसार बुलेट मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति आया जब उससे पूछताछ की गई तो उसने नाम शिवम पिता बलबंत यादव उम्र 25 साल निवासी ग्राम चंदावरा थाना दिनारा जिला शिवपुरी का होना बताया। मोटरसाइकिल पर टंगे हुये थैले को चैक किया गया तो उसमे दो पैकेट अवैध मादक पदार्थ गांजा से भरे हुए पाए।

# हिंदू एकता से बनेगा भारत हिंदू राष्ट्र आचार्य देवमुरारी बापू




**अशोकनगर।** स्वामी गार्डन अवधपुरी कॉलोनी में आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में रखे गए, हिंदू सम्मेलन से पूर्व निकाली गई भव्य शोभा यात्रा जो स्वामी गार्डन से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न जगहों से घूमते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। जहां हिन्दु सम्मेलन का आयोजन हुआ। विराट हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने समस्त हिंदुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को मजबूत बनाने के लिए हर घर से एक बेटा राष्ट्र को समर्पित करना होगा क्योंकि राष्ट्र सुरक्षित है तो हिंदू अपने घर में सुरक्षित है विधर्मियों के द्वारा लगातार देश में फूट डालने का काम एवं युद्ध स्तर की तैयारी चल रही है। विदेशी षड़यंत्र कारियों द्वारा हिंदू लोगों को आपस में लड़ने एवं फूड डालने का कार्य निरंतर किया जा रहा है और धीरे-धीरे हिंदू जनमानस आपस में लड़कर विखराव की स्थिति में जा रहे हैं। ऐसे में हिंदू सम्मेलन हिंदुओं को एक करने की एक मजबूत पहल है। हर हिंदू को हिंदू सम्मेलन के लिए अपना घर छोड़कर, व्यापारी को अपना दुकान छोड़कर 1 घंटे का समय अवश्य देना चाहिए। अगर हम आज नहीं संभले तो आने वाले समय में हम लोगों की संख्या ही काम नहीं होगी बल्कि आर्थिक स्थिति से भी कमजोर हो जाएंगे और फूट डालकर हम लोगों को आपस में लड़ा कर गृह युद्ध की स्थिति पैदा कर दी जाएगी। संबोधन में देवमुरारी बापू ने यह भी कहा कि इसके लिए मातृशक्ति को भी आगे आना होगा तभी हिंदुत्व पूर्ण रूपेण मजबूत होगा। मंच पर चतुर्भुज महाराज, रामबाबू उपाध्याय, बृज नारायण महाराज, रश्मि रघुवंशी, मांडवी शर्मा, ब्रह्माकुमारी दीदी एवं सभी स्वयंसेवक कार्यक्रम में मौजूद रहे।



# सकल हिंदू समाज का हिंदू सम्मेलन

**शाढ़ौरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज द्वारा राजेबामौरा मंडल केन्द्र पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू एकता, संगठन और सनातन संस्कृति की रक्षा पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजन से हुई, इसके बाद संगीत कलाकारों ने गणेश वंदना प्रस्तुत की,तत्पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का भावपूर्ण गायन किया गया। प्रेरणा गीत, देशभक्ति गीत एवं स्वागत गीतों ने कार्यक्रम को और अधिक रोचक एवं आनंददायक बनाया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग सह कार्यवाह महेश रघुवंशी, संत समाज से रसिक शास्त्री एवं अहिरवार समाज से डॉक्टर आर के घघौरया और मातृशक्ति से सपना अहिरवार उपस्थित रहीं।

# सुपारी किलिंग मामले में पुलिस ने ललितपुर के मुख्य आरोपी जीतू गुप्ता को गिरफ्तार किया

**अशोकनगर।** जगीरा यादव सुपारी किलिंग मामले मे फरार चल रहे मुख्य आरोपी जीतू गुप्ता ललितपुर उ.प्र. को गिरफ्तार करने एवं 315 बोर का कट्टा एवं दो जिन्दा कारतूस जप्त करने में सिटी कोतवाली पुलिस को सफलता मिली है। गत 05.01.2026 को थाना कोतवाली अंतर्गत सुपारी किलिंग मामले मे आरोपी कपिल दुबे निवासी हरिपुर अयोध्या उ.प्र. और आरोपी संजीव यादव निवासी शंकरपुर मगरधा को मय हथियारो के साथ गिरफ्तार कर आरोपियो के विरुद्ध थाना कोतवाली मे अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया था। प्रकरण मे विवेचना के दौरान आई साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 111 बीएनएस इजाफा किया गया था। उपरोक्त दोनों आरोपीयों ने पूछताछ पर दोनो आरोपियो के बीच सुपारी की पांच लाख रुपये की डील कराने एव घटना मे उपयोग किये जाने वाले हथियारो को जीतू गुप्ता निवासी ललितपुर (उ.प्र.) द्वारा देना बताया गया था।

# पटवारी संघ ने बेसहारा गौवंश को खिलाए औषधि युक्त लड्डू



**अशोकनगर।** सामाजिक सरोकारों और जनकल्याणकारी कार्यों में सदैव अग्रणी रहने वाले पटवारी जिला संघ अशोकनगर द्वारा भीषण ठंड को देखते हुए एक सराहनीय पहल की गई है। पटवारी संघ के सदस्यों ने शहर और आसपास के क्षेत्रों में घूम रहे निराश्रित गौवंश को कड़ाके की ठंड और बीमारियों से बचाने के लिए गुड़ और विभिन्न औषधियों से निर्मित पौष्टिक लड्डू खिलाए। संघ के जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह रघुवंशी ने बताया कि वर्तमान में पड़ रही तेज़ ठंड मूक पशुओं के लिए जानलेवा साबित हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए संघ ने गायों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए गुड़, अजवाइन और अन्य जड़ी-बूटियों से युक्त लड्डू तैयार करवाए। इस अभियान के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों में विचरण कर रही गायों को यह विशेष आहार दिया गया, ताकि वे इस मौसम में स्वस्थ रह सकें। इस सेवा कार्य के दौरान पटवारी संघ के जिला सचिव मनीष सैन, कोषाध्यक्ष राजेश नामदेव, पिपरई तहसील अध्यक्ष बबीता रघुवंशी, आकाश जैन सहित संघ के अन्य कई पटवारी साथी उपस्थित रहे। पटवारी संघ की शहरवासियों ने काफी प्रशंसा की है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और जीव-दया से जुड़े कार्य निरंतर जारी रहेंगे।




# जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कृषि उपज मंडी में आयोजित किया गया, कार्यक्रम भी दिखाया

**अशोकनगर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रविवार को भोपाल से कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण अशोकनगर में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जैविक कृषि व प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए कृषको को प्रोत्साहित किया गया एवं प्रगतिशील कृषकों को सम्मानित किया गया। जिले की सभी मण्डियों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं अतिथियों द्वारा कृषि रथो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक, संजीव भारिल्ल, जगराम सिंह यादव जैविक प्रमुख भारतीय किसान संघ, वीरेन्द्र रघुवंशी जिला अध्यक्ष भारतीय किसान संघ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अमित सिंह उपसंचालक कृषि, भागीरथ प्रसाद अहिरवार मंडी सचिव, डॉ मनीश व्यास उपसंचालक पशुपालन, गबरू गिरवाल सहायक संचालक उद्यानिकी, संजय इनामदार मत्स्य निरीक्षक पालन विभाग के डॉ बैजनाथ यादव बीटीएम आत्मा आदि अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

# पिरामिड की शक्तियों के बारे में गुजरात से आए दल ने जानकारी दी और अपने जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा दी



**अशोकनगर।** सूरत गुजरात से मेडिटेशन मास्टर प्रदीप शर्मा एवं दीप्ति शर्मा ध्यान जगत और पिरामिड की शक्तियों के बारे शहर के लोगों को जानकारी दी। उन्होंने ध्यान जगत को सुबह तुलसी सरोवर पार्क में दोपहर में युगल सरकार मंदिर में और सीएम राइज स्कूल में सैकड़ों बच्चों को मेडिटेशन के बारे में बताया।

बच्चों को बताया कि वह किस तरह अपने जीवन में अपनी सफलताओं में आगे बढ़ाने में अपने करियर को बनाने में मेडिटेशन करके एकाग्रता लाकर के सफल हो सकते हैं। बहुत ही सरल विधि आनापातीसती के बारे में समझाया कि सांसों को नॉर्मली लेना छोड़ना ही ध्यान है, बच्चों ने प्रोमिश की वो रोज अपनी उम्र के हिसाब से ध्यान करेंगे। अगर आपकी उम्र 15 साल है तो आपको सुबह शाम 15 मिनट ध्यान जरूर करना है। सीएम राइज के वाइस प्रिंसिपल से आग्रह किया कि एक पिरामिड की स्थापना स्कूल में होनी ही चाहिए। अगर पिरामिड स्कूल में बनता है तो पूरे जिले में इस स्कूल का रिजल्ट सभी स्कूल से बेहतर होगा। ये परिवर्तन दिखेंगे मात्र 3 महीने में,सुबह तुलसी सरोवर पार्क और युगल सरकार मंदिर पर बताया कि यह सच है कि मेडिटेशन हर जगह और हर समय किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अगर हम पिरामिड में बैठकर मेडिटेशन करते हैं तो हमें ज्यादा यूनिवर्सल एनर्जी यानी कॉस्मिक एनर्जी मिलेगी। अगर हमारे अशोकनगर में पिरामिड इसी पार्क में बन जाए तो 15 किलोमीटर की रेंज में पॉजिटिव वातावरण हो जाएगा, बीमारियां कम होगी, अपराधिक प्रवृत्तिया कम होगी।

# पुलिस कॉम्बिंग गश्त में 47 स्थाई वारंटी एवं 25 गिरफ्तारी और दो फरारी किए गिरफ्तार

**अशोकनगर।** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारियों को बीती रात प्रभावी “कॉम्बिंग गश्त” करने हेतु निर्देशित किया गया था। समस्त थाना प्रभारियों एवं चैकी प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये थे कि “कॉम्बिंग गश्त” के दौरान अधिकतम संख्या में इनामी आरोपी, स्थाई वारंटियों एवं गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया जाए तथा लिस्टिेड गुंडों एवं निगरानी बदमाशों की विशेष रूप से चैकिंग की जाए।

इसी क्रम में दिनांक 10.01.2026 एवं 11.01.2026 की दरमियानी रात में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशिन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शमा, एसडीओपी चन्देरी शैलेन्द्र शर्मा एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जिले के थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारी सहित 200 से अधिक अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक “कॉम्बिंग गश्त” की गई। कॉम्बिंग गश्त के दौरान



थाना कोतवाली अंतर्गत 07 स्थाई वारण्ट तामील किए गए एवं 08 गुण्डा एवं 03 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना देहात अंतर्गत 03 स्थाई वारण्ट, 06 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 08 गुण्डा एवं 06 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना चन्देरी अंतर्गत 14 स्थाई वारण्ट, 03 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए एवं 07 गुण्डा एवं 08 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना ईसागढ अंतर्गत 15 स्थाई वारण्ट, एवं 04 गुण्डा एवं 03 हिस्ट्रीशीटर चैक किए गए, थाना कदवाया अंतर्गत 01 स्थाई वारण्ट, 06 गिरफ्तारी वारण्ट तामील किए गए।

## लयस्मिता श्रीजी ने श्वेतांबर मंदिर में साधकों को दिए गुर

# परमात्मा हृदय में विराजमान करना बाकी: साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

हमने मंदिरों में तो परमात्मा को स्थापित कर दिया है, परंतु अपने हृदय रूपी मंदिर के अंदर परमात्मा को विराजमान करना अभी बाकी है। जब तक आंतरिक तैयारी नहीं होगी, बाहरी महोत्सव का पूर्ण लाभ नहीं मिल पाएगा।

यह मार्मिक उद्गार युवा संस्कार भारती प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी म.सा. ने रविवार को सुराना चैराहा स्थित श्री वासुपूज्य स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में व्यक्त किए। रविवार को धर्मसभा का शुभारंभ मंगल प्रार्थना और नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के साथ हुआ। साध्वी श्री ने बताया कि आगामी ध्वजा



महोत्सव (पाटोत्सव) की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और यह भव्य आयोजन चतुर्विध संघ (साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका) की गरिमामयी उपस्थिति में मनाया जाएगा।

### विपत्ति स्वयं के कर्मों का फल

प्रवचन में साध्वी श्री ने सुख और दुःख के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि देव, गुरु और धर्म हमें तारने का काम करते हैं। यदि जीवन में कुछ श्मंगलश (अच्छा) हो रहा है, तो वह देव और गुरु का प्रसाद (कृपा) है। लेकिन यदि जीवन में श्अमंगलश हो या विपत्तियां आएं, तो वह किसी और के कारण नहीं, बल्कि स्वयं के कर्मों का उदय है। हमारी हर तकलीफ का कारण हमारे ही कर्म हैं।

आठ कर्मों का गणित समझाया। साध्वी श्री ने जिनशास्त्रों में वर्णित आठ प्रकार के कर्मों (ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, वेदनीय, मोहनीय, आयु, नाम, गोत्र और अंतराय) की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने समझाया कि कैसे ये कर्म जीव को संसार में बांध कर रखते हैं और इनसे मुक्ति पाकर ही मोक्ष संभव है। प्रवचन के अंत में साध्वी जी ने मंगली सुनाकर सबको आशीर्वाद दिया।

### 14 तक चलेंगे नियमित कार्यक्रम

मंदिर ट्रस्ट ने बताया कि साध्वी श्री के सानिध्य में 14 जनवरी तक प्रतिदिन विशेष धार्मिक कार्यक्रम जारी रहेंगे

सुबह 6:30 बजे भक्तांबर पाठ एवं प्रार्थना

सुबह 9:30 बजे प्रवचन (वचन सुधा)

दोपहर 2:00 बजे महिलाओं की धार्मिक चर्चा एवं क्लास

शाम 6:30 बजे बच्चों के लिए संस्कार निर्माण क्लास।

# संघ शताब्दी वर्ष पर समाज से पंच परिवर्तन का आह्वान

### ब्यावरा की 8 बस्तियों में एक साथ हिंदू सम्मेलन संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को ब्यावर नगर में ऐतिहासिक आयोजन हुआ। नगर की 8 प्रमुख बस्तियों में एक ही दिन और एक ही समय पर 8 अलग-अलग स्थानों पर भव्य हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों, साधु-संतों और प्रमुख वक्ताओं ने संघ की सौ वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा, संगठन पद्धति तथा समाज परिवर्तन के लिए "पंच परिवर्तन" विषय पर मार्गदर्शन दिया।

### विरोधी भी करने लगे स्वयंसेवक संघ की सराहना

महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन को भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री भारत पटेल ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा अनुशासन, अध्ययन और सेवा आधारित रही है। संघ की कार्यपद्धति को देखकर आज उसके विरोधी भी उसकी सराहना करने लगे हैं। संघ के खिलाफ नकारात्मक वातावरण बनाने वाले तत्व आज संगठन की मजबूती और विचारधारा के सामने पस्त हो चुके हैं। उन्होंने समाज में समरसता लाने के लिए पंच परिवर्तन की आवश्यकता बताई।

### अन्य वक्ताओं ने भी रखे अपने विचार

सुभाष बस्ती में क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख सुरेश जैन मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने संघ के सौ वर्ष के इतिहास और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान पर प्रकाश डाला।

विश्वनाथ बस्ती में प्रमोद पवार ने हिंदुत्व और पंच परिवर्तन पर विचार रखे। वाल्मीकि बस्ती में विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा ने समाज परिवर्तन में नागरिकों की भूमिका पर जोर दिया। वृंदावन बस्ती में प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख रामवीर कौरव ने कहा कि देश एक घर के समान है और जातियाँ उसके कक्ष हैं, जब तक देश सुरक्षित है तभी समाज सुरक्षित रह सकता है। बालाजी बस्ती में प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, बिहारीजी बस्ती में सेवा भारती संगठन मंत्री रामेंद्र सिंह तथा अंजनीलाल बस्ती में मजदूर संघ के संगठन मंत्री निरंजन कुमार ने सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलनों के पूर्व सभी बस्तियों से चल समारोह एवं कलश यात्राएं निकाली गईं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। हिंदू सम्मेलन के चलते ब्यावरा नगर में पूर्ण धार्मिक वातावरण बना रहा। बाजार स्वेच्छा से बंद रहे और नागरिकों ने बड़ी संख्या में सम्मेलनों में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया।

### विभिन्न संख्याओं को कुछ सैकड़ में जोड़, घटा देता है यह होनहार

# रचा कीर्तिमानः मुदित का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

गणित की जिन संख्याओं को हम केलकुलेटर पर जोड़, घटा नहीं पाते उन्हें मूलतः राजगढ़ निवासी मुदित शर्मा कुछ सेकंड में मौखिक साल्व कर देता है। पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा के नाती एवं गुरुग्राम में डॉ. वसुधा शर्मा एवं नितिन शर्मा के पुत्र मुदित की इस गणितीय दक्षता पर उनका नाम भारत की प्रतिष्ठित संस्था इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ने दर्ज किया है। विगत दिनों इस संस्था के एक पैनल के सम्मुख 7 वर्षीय मुदित ने तय 5 मिनट में दो अलग-अलग न्यूमरिक अंकों की 61 संख्याओं को मौखक रूप से जोड़कर बताया। पहले से दर्ज इस रिकार्ड को और कम समय में तोड़ने पर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ने पुष्टि करके मुदित का नाम, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व मुदित गणित इंटरनेशनल ओलंपियाड और यूएसए बुक ऑफ रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवा चुके हैं। अब इन रिकॉर्ड के आधार पर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के टेस्ट में भी उन्होंने अपना पंजीयन कराया है।

### गहन परीक्षण के बाद दर्ज होता है नाम

आपको बतादें कि भारत की प्रतिष्ठित इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड संस्था भारतीय विद्यार्थियों व होनहारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय रिकार्ड बनाने वालों के नाम सघन परीक्षण उपरान्त दर्ज कर उन्हें यह उपलब्धि प्रदान करती है। जिले का नाम रोशन करने वाले मुदित की इस उपलब्धि पर नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाईयां प्रेषित की हैं।

## खेत में पानी फेरने गए युवक की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

ग्राम चिलडावनीया में दोपहर करीब 2 बजे चिलडावनीया निवासी हिमांशु पिता कैलाश नागर उम्र 18 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हिमांशु अपने घर के पीछे स्थित खेत पर पानी फेर रहा था उसी दौरान तार में कट लगे होने से पानी में करंट फेल गया। युवक करंट की चपेट में आ गया परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए शासकीय अस्पताल खुजनेर लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर मंत्री टेटवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



रविवार को सारंगपुर मंडी परिसर में आयोजित होने वाले युवा संगम रोजगार मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने की। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, नपा अध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान रोजगार मेले के सुव्यवस्थित एवं सुचारु संचालन को लेकर चर्चा की गई। युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराने, पंजीयन प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, छाया, स्वास्थ्य सुविधा, ट्रैफिक प्रबंधन तथा कंपनियों के स्टॉल की व्यवस्था जैसे विषयों पर दिशा-निर्देश दिए गए। डॉ. टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेले में आने वाले प्रत्येक युवा को समुचित मार्गदर्शन एवं सुविधा मिले, जिससे वे रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला युवा शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस एवं प्रभावी कदम है। बैठक के उपरांत मंडी परिसर में स्थल निरीक्षण भी किया गया।

## गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक बुधवार को

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला किशनगढ़ मोहल्ला में 14 जनवरी को सायं 4 बजे गो सम्मान आह्वान अभियान के निमित्त जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में गोमाता के सम्मान और गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की अपील तथा संतों एवं गो सेवकों द्वारा सत्संग और गो रक्षा से जुड़ी चर्चाएँ की जाएँगी। बैठक में गोभक्तों से आह्वान किया कि अधिकाधिक संख्या में शामिल हों।

ज्ञातव्य हो कि भारत की 5000 से अधिक तहसीलों एवं 790 जिलों में भगवती गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए संतो एवं सनातनियों ने गो सम्मान अभियान चलाया है जिसमें गो माता को सम्मान दिलाने की मांग की जाएगी। गो सम्मान आह्वान अभियान किसी संस्था, संगठन या राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं, बल्कि गोमाता के प्रधान संरक्षण और नंदी बाबा की अध्यक्षता में संचालित होगा। अभियान का उद्देश्य गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करवाना, गो संवर्धन उनके संरक्षण के लिए ठोस सरकारी नीतियां बनवाना एवं गो रक्षा के लिए केन्द्रीय कानून बनाया जाए। गोहत्या और गोतस्करी में लिप्त अपराधियों को आजीवन कारावास का प्रावधान के साथ जब्त किए गए वाहनों को गोशालाओं के उपयोग में लाया जाए। इसके साथ ही गोबर और गोमूत्र पर आधारित अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित किए जाएं, पंचगव्य औषधियों का आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में निरूशुल्क वितरण किया जाए तथा सरकारी भवनों में गोबर पेंट और गोनाइल का उपयोग अनिवार्य किया जाए।

## अब गुरुकुल पब्लिक स्कूल के पीछे मिला अवैध लकड़ी का जखीरा




हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास

गुरुकूल पब्लिक हाई सेकंडरी स्कूल के पीछे चार से पांच ट्रॉली के लगभग अवैध लकड़ी पहाड़ी पर पड़ी मिली। क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी के परिवहन अब चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना परमिशन के हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है और लकड़ी को ट्रॉलियां की मदद से लखनवास पहाड़ी पर स्टोक किया जाता है। रात के अंधेरे में लकड़ी को ट्रैक में भरके बहार भेज देते हैं। किसी भी समय मार्ग पर ट्रॉली दौड़ती नजर आती है। हर जगह दिनधड़े लकड़ी ढोते ट्रैक्टर ट्रॉली ऐसे गुजरती हैं। लकड़ी से भरी ट्रॉलियां सुबह-शाम खुलेआम दौड़ रही है। आखिर वन विभाग को क्यो दिखाई नहीं दे रही। लकड़ी से भरी ट्रॉली या वन विभाग ट्रैक्टर ट्रॉली की परमिशन की जांच करना भुल गए। वन विभाग की खामोशी से लकड़ी माफिया बेखौफ पेड़ों की कटाई भारी मात्रा में कर ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर खुलेआम दौड़ती है या देखकर भी अनदेखा किय जा रहा है? बड़ा प्रश्न यह है क्या वन विभाग पेड़ों की कटाई का यह खुला खेल ऐसे ही देखते रहेंगे लखनवास पटवारी कमल यादव को 4 दिन से लगातार अवगत कराने के बाद भी लकड़ी का पता नहीं लगा पाए कि ये लकडी कहा से काट लाए ओर परमिशन है या नहीं ओर नही कोई सन्तुष्ट जवाब दे पाए।

## देवनारायण जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर



नगर के लोधा मोहल्ला स्थित देवनारायण मंदिर पड़ापड़ के देवरा में भगवान देवनारायण जन्मोत्सव जो 25 जनवरी को है लेकर देवनारायण नवयुवक समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जन्मोत्सव को लेकर सभी समाजजनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। जन्मोत्सव पर एक विशाल चल समारोह नगर में निकाला जाएगा। साथ ही समाज को नशे से मुक्ति हेतु अभियान चलाने की बात भी बैठक में की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष बालूसीह कार्यकारी अध्यक्ष देवसिंह इंदरसिंह सचिव डूंगरी कालूसिंह मल्हारपुरा, अर्जुनसिंह भारूगढ़, बालचंद अध्यापक, इंदर सिंह लिंबोदा घनश्याम गुर्जर माचलपुर, हेमराज कचनारिया, सुरेंद्र चाड माचलपुर, प्रेमनारायण कुंडालियां, अर्जुन कुंडालियां, मानसिंह गोवर्धन सिंह कालिकाबे जुझार सिंह जेतपुरा मागीलाल सुलीपुरा एवं नारायण पांडा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

## शहर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हजारों नागरिकों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के स्टेडियम ग्राउंड में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम एवं भारत माता के चित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन की मुख्य वक्ता साध्वी सरस्वती ने उद्बोधन में हिन्दू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने जाति-पात के भेद से ऊपर उठकर हिन्दू संस्कृति से जुड़े रहने, संस्कृति से विमुख न होने तथा अन्य विधर्मियों द्वारा फैलाए जा रहे षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने की बात कही। वहीं विभाग प्रचारक धर्मेंद्र बघेल ने संघ के पंच सूत्रों को जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया।

## मंत्री टेटवाल ने कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने की दिशा में एक पहल की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को सारंगपुर में कृषक रथ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी किसानों तक सीधे उनके गांव और खेत तक पहुंचाना है।

कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषक रथ अभियान किसानों को वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करने और कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। वहीं टेटवाल ने कहा कि किसानों को मिलेगा वैज्ञानिक मार्गदर्शन कृषक रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन, उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों तथा ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि हितैषी योजनाओं का लाभ लेने की विधि भी समझाई जाएगी।

